## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**19 मई** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- नार्वे के सर्वोच्च सम्मान 'रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट' के ग्रैंड क्रॉस से सम्मानित हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई मंत्रियों ने बत्तीसवां अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर प्रधानमंत्री को दी बधाई।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 12 प्रस्ताव पारित। पंचायत चुनाव के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन और लखनऊ सहित आगरा मेट्रो के विस्तार को मिली मंजूरी।
- केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने देशवासियों को ईंधन की उपलब्धता के प्रति किया आश्वस्त। कहा–देश में पेट्रोल और गैस की कोई कमी नहीं।
- प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी। केन्द्रीय आयुष मंत्रालय ने जारी किया व्यापक जन स्वास्थ्य परामर्श।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कल नॉर्वे के महामहिम राजा हेराल्ड पंचम द्वारा वहां का सर्वोच्च सम्मान रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट का ग्रैंड क्रॉस प्रदान किया गया। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, जगत प्रकाश नड्डा, पीयूष गोयल, मनोहर लाल और किरेन रिजिजू सहित कई अन्य मंत्रियों ने कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नॉर्वे के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह बत्तीसवां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के विस्तार का प्रतीक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये प्रधानमंत्री श्री मोदी को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। इससे पहले, सत्रह मई को स्वीडन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने यहां के सर्वोच्च सम्मान 'रॉयल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार कमांडर ग्रैंड क्रॉस' से सम्मानित किया था।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में बारह प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के निर्धारण के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी दे दी गई। प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग के मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि यह आयोग पंचायत चुनावों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण प्रदान करने के लिए उनके सामाजिक और राजनीतिक पिछड़ेपन की जांच करेगा।

**आप सब लोग जानते हैं बड़ा प्रदेश है। उनसठ हजार से भी ज्यादा पंचायतें हैं। हमारे सैकड़ों विकासखंड हैं, पचहत्तर जनपद हैं, तो पंचायत चुनाव कराने से पहले हमें आरक्षण की व्यवस्था को लागू करना और भी चीजों को देखना है। उसके लिए अब आयोग अध्ययन करेगा और आयोग जैसा रिपोर्ट देगा उसके आधार पर पंचायत के चुनाव की कार्रवाई को हम लोग आगे बढ़ाएंगे।**

मंत्रिमंडल ने कल दो प्रमुख मेट्रो प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी। एक रिपोर्ट–

**बैठक में लखनऊ मेट्रो फेज–1 बी ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर–चारबाग से बसंतकुंज परियोजना के लिए एमओयू को स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में आगरा मेट्रो रेल कॉरिडोर–2 में आगरा कैन्ट से कालिन्दी विहार तक मेट्रो स्टेषन निर्माण के लिए भूमि हस्तान्तरण के लिए के प्रस्ताव को भी सहमति दी गयी। बैठक में लखनऊ के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नये परिसर में एक हजार दस बेड का मल्टि स्पेशियलिटी इमरजेंसी सेंटर अस्पताल, शिक्षण ब्लॉक तथा नये आपीडी ब्लॉक के निर्माण को भी स्वीकृति प्रदान की गयी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

मंत्रिमंडल ने पशु चिकित्सा के छात्रों के इंटर्नशिप भत्ते को चार हजार रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर बारह हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने और मिर्जापुर में दो हजार सात सौ निन्यानवे करोड़ रुपये की लागत से बिजली ग्रिड उन्नयन के प्रस्ताव पर भी मुहर लगा दी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा दो हजार चौबीस के तहत विभिन्न पदों पर चयनित नौ सौ बत्तीस अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के साथ प्रदेश को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाने में राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं ने भी अहम भूमिका निभाई है। इसके परिणाम स्वरूप ही उत्तर प्रदेश, देश के ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

**नौ वर्ष की शानदार यात्रा में चुनौतियां थीं लेकिन उन चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला किया गया। एक टीम भावना के साथ परिणाम लाया गया कि नौ वर्ष में हमने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त कर दी। प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त कर दी। उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं है। अब उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था का एक ग्रोथ इंजन बन करके भारत के विकास में अग्रिम भूमिका के साथ अपने आप को खड़ा कर रहा है।**

**********

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण आयात में व्यवधान के बावजूद देश के तेल शोधक कारखाने सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और भारत के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कल वाराणसी में कहा कि देश में पेट्रोल और गैस की कोई कमी नहीं है। केन्द्र सरकार वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए हरसंभव कदम उठा रही है। वाराणसी के जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति–दिशा की बैठक की अध्यक्षता के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री पुरी ने देशवासियों को ईंधन की उपलब्धता के प्रति पुनः आश्वस्त किया।

वहीं, पश्चिम एशिया में हाल की घटनाओं पर कल नई दिल्ली में आयोजित अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार है।

**कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई 70: पर अभी बनी हुई है। मार्च के महीने से लेकर अभी तक लगभग 7,37,000 पीएनजी कनेक्शन को गैसीफाई किया गया है। 2,76,000 कनेक्शंस के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर क्रिएट किया जा चुका है, और 7,76,000 से अधिक ऐसे कंज्यूमर्स हैं जिन्होंने पीएनजी कनेक्शन के लिए अपने आप को रजिस्टर कराया है।**

**********

लखीमपुर खीरी में कल सुबह एक सड़क दुर्घटना में दस लोगों की मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब पीलीभीत–बस्ती राजमार्ग पर अदालीसपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक और सवारी वाहन की आमने सामने से टक्कर हो गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सड़क दुर्घटना में हुई जान–माल की हानि पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए अनुग्रह राशि देने की घोषणा भी की गयी है।

**********

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कल गोरखपुर में छियालीसवीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। इस प्रतिस्पर्धा में बीस राज्यों की टीमें  आज से दस स्वर्ण सहित तीस पदकों के लिए दावेदारी करने उतर रही हैं। चैंपियनशिप के उद्घाटन अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के परिणामस्वरूप गोरखपुर स्पोर्ट्स हब के रुप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर का रामगढ़ताल अब अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए पूरी तरह तैयार है।

**********

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज से बाइस  मई तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई जिलों में तापमान सैंतालीस डिग्री सेल्सियस के पार जाने की आशंका है। मौसम के प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। इस बीच, केन्द्रीय आयुष मंत्रालय ने अत्यधिक गर्मी और लू की स्थिति से निपटने के लिए व्यापक जन स्वास्थ्य परामर्श जारी किया है।

**यह परामर्श आम लोगों कामगारों और बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों तथा खेल आयोजनों में शामिल लोगों के लिए जारी किया गया है, ताकि वह गर्मी और लू से होने वाली बीमारियों से अपना बचाव कर सकें। इसमें कहा गया है कि शिशु, बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, बाहर काम करने वाले लोग और दिल की बीमारी या उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से ग्रसित लोग लू के दौरान सबसे ज्यादा जोखिम में रहते हैं। इसलिए इनकी विशेष देखभाल और निगरानी जरूरी है । परामर्श में कार्यस्थलों, सार्वजनिक कार्यक्रमों और बाहरी गतिविधियों के लिए खास सावधानियां बताई गई है । इनमें छायादार आरंभ स्थल की व्यवस्था, समय–समय पर पानी पीने के लिए ब्रेक और लोक के लक्षणों के बारे में जागरूकता फैलाना शामिल है। रिशु जायसवाल के साथ अक्षित वेद्यान आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

मौसम विभाग ने आज से चार दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की, जबकि न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी की संभावना जतायी है।

**********